मांग | पुल के समीप बड़े-बड़े गड्ढों के कारण पुलों का कायाकल्प होना अति आवश्यक

जर्जर हो रहे पुलों का नहीं हो रहा कायाकल्प

▸ वर्षों पुराने पुल जर्जर हो चुके हैं, आये दिन हो रहीं घटनाएं

तेंदूखेड़ा। बरमान डोभी सड़क मार्ग पर इमझिरा के समीप बरांझ नदी पर तथा डोभी के समीप पांडाझिर नदी पर बने वर्षों पुराने पुल जर्जर हो चुके हैं। आये दिन हो रही विभिन्न घटनाओं और पुल के समीप बड़े बड़े गड्ढो के कारण पुलों का कायाकल्प होना बहुत जरूरी हो गया है। सड़क मार्ग के निर्माण के दौरान इन दोनों पुलों की भी ऊंचाई बढ़ाये जाने की मांग की गई थी लेकिन सेतु निगम के द्वारा इन पुलों की स्थिति को बदलने की दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं की है।

पुलों को बनें कई दशक हो गये हैं। तथा तेंदूखेड़ा से बरमान सड़क मार्ग पर इन पुलों से जहां प्रतिदिन भारी बाहनों के साथ साथ यात्री वाहनों और बीच-बीच में पड़ने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इमझिरा के समीप बने पुल पर कई बार गंभीर हादसे भी हो गये हैं। लोग असमय काल के गाल में भी समा गये हैं। लेकिन सार्थक दिशा में कोई उचित प्रयास नहीं हो रहें हैं।

नहीं बन सके स्टाप डेम

यहां पर सबसे बड़ी समस्या पुलों की निचाई को लेकर है वहीं गर्मी के समय उक्त नदियां सूख भी जाती है। चूंकि इन नदियों की पुनर्जीवन प्रदान करते हुए गहरी के साथ इन पर छोटे छोटे स्टाप डेम भी बन जाते तो निश्चित तौर पर काफी लंबे समय तक इनमें पानी रहने से लोगों का निस्तार जमीनीजलस्तर बढ़ाये जाने की दिशा में सार्थक पहल हो सकती है।आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों का जल स्तर बढ़ाने और कृषि क्षेत्रों में सिंचाई के लिए भी मददगार साबित हो सकती है।

हो रहा है मिट्टी का कटाव

सबसे बड़ी विडम्बना यह बनीं हुई है कि इन पुलों पर थोड़ी सी बरसात के कारण बाढ़ का पानी अधिक होने की स्थिति में पुल के ऊपर पानी हो जाता है और सड़क मार्ग भी एक से दो तीन दिन तक बंद पड़ा रहता है। लोगों को आवागमन में परेशानी भी हुआ करती है। अधिक पानी की स्थिति में पानी का तेज बहाव आजू बाजू की मिट्टी को भी खींचकर ले जाता है। और धीरे-धीरे एक बहुत बड़ा कटाव यहां पर हो गया है।जो ऊपरी सतह पर बनें शवदाह गृह और खेल ग्राउंड के लिए भी दुखदाई साबित हो सकता है।यही स्थिति डोभी के निकट पांडाझिर नदी पर देखने को मिला करती है। स्थानीय लोगों के द्वारा अनेकों बार इन पुलों की ऊंचाई बढ़ाये जाने की मांग तो की गई लेकिन उनकी आवाज नक्कारखाने में तूती की आवाज बन कर रह गई। क्षेत्र के सजग वर्ग ने एक बार फिर से इन दोनों पुलों की ऊंचाई बढ़ाये जाने की मांग की है।

कलेक्टर ने कराई अपने स्वास्थ्य की जांच

नरसिंहपुर। कलेक्टर शीतला पटले के निर्देशन में जिले में चलाये जा रहे स्वस्थ यकृत मिशन के तहत कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई हॉल में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ कलेक्टर पटले ने सरस्वती पूजन व दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान कलेक्टर ने अपनी स्वास्थ्य की जांच कराई। स्वास्थ्य शिविर में कुल 203 अधिकारी- कर्मचारियों की जांच की गई। स्वास्थ्य की जांच के दौरान 30 हाईपरटेंशन व 36 मधुमेह से ग्रसित पाये गये, जबकि 23 से अधिक बीएमआई और 68 ब्लड की जांच की गई। इस स्वास्थ्य शिविर में कलेक्टर कार्यालय, जिला पंचायत एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी- कर्मचारियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। स्वास्थ्य शिविर के दौरान कलेक्टर ने यहां लगाये गये सभी काउंटरों का निरीक्षण कर शासकीय सेवकों के स्वास्थ्य परीक्षण का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय सेवक अपने स्वास्थ्य का परीक्षण जरूर करवायें। साथ ही शासकीय कर्मचारी व अपने परिवार के सदस्यों का भी बीएमआई जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण करवाने की समझाइस दी। उन्होंने बताया कि नान अल्कोहल फैटी लीवर डिजीज एक ऐसी स्थिति है।

जब खेती बने विज्ञान तब चुनता है किसान, इंटरक्रॉपिंग का सिद्धांत

गोटेगांव। निवासी नीतेश लोधी (एम.एससी) कृषि एग्रोनॉमी बताते हैं कि वर्तमान समय में भारतीय कृषि आज के समय में चुनौतियों की दौर से गुजर रही है जैसे जलवायु परिवर्तन घटती मिट्टी की उर्वरकता सीमित संसाधन किसनो की आय में कमी और ठहराव ऐसे में कृषि को लाभकारी बनाने के लिए इंटरक्रॉपिंग प्रणाली या अंतर फसल प्रणाली उपाय के रूप में सामने आई है कृषि प्रणाली प्राचीन होने के बाद भी आज वैज्ञानिक दौर में भी अत्यंत प्रचलित है

इंटरक्रॉपिंग क्या है

एक ही खेत में दो या 2 से अधिक फसले एक निश्चित दूरी या अनुपात में इस प्रकार बोई जाती है कि एक दूसरे की वृद्धि में बाधा नहीं बने बल्कि सहयोग करें इससे इंटरक्रॉपिंग प्रणाली कहा जाता है इसका मुख्य उद्देश्य उपलब्ध संसाधन जैसे भूमि जल पोषक तत्व श्रम जैसे संसाधनों का अधिक उपयोग करना है

दोनों फसलों की जरूरत को अलग-अलग समझें

निष्कर्ष इंटरक्रॉपिंग प्रणाली अपना आधुनिक कृषि की दिशा में एक मजबूत कदम भी है यह प्रणाली सीमि त में संसाधनों का अधिक उपयोग करती है तथा संकट के समय किसानों को सुरक्षा प्रदान करती है किसानों को आय बढ़ाने और देश की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए इस प्रणाली को अपनाने की आवश्यकता है ।

क्यों जरूरी है इंटरक्रॉपिंग

- दो या अधिक फसलों से प्रति इकाई क्षेत्र से अधिक उत्पादन मिलता है
- मिट्टी की उर्वरकता में वृद्धि एवं मिट्टी के कटाव को रोकता है
- रोग एवं कीट का प्रकोप कम देखने मिलता है
- किसानों को दो फसलों से अधिक लाभ प्राप्त होता है
- फसल यदि खराब हो जाए या उचित बाजार भाव ना मिले तो दूसरी फसल से लाभ हो जाता है
- उदाहरण प्रमुख इंटरक्रॉपिंग संयोजन

मक्का+उडद /मूंग (2.2)
अरहर+मूंग (2.2)
सरसों+ चना (4.2)
कपास+ मूंगफली (1.2)

इंटरक्रॉपिंग कैसे करें

- जलवायु एवं मिट्टी के अनुसार फसल चुने
- बीज दर एवं पंक्तियों की दूरी सुनिश्चित करें
- पोषक तत्व एवं सिंचाई में संतुलन रखे

शिव कुमार नीखरा कांग्रेस सेवादल प्रदेश सचिव नियुक्त

गाडरवारा। कांग्रेस सेवादल की मध्यप्रदेश कार्यकारिणी में गाडरवारा के शिवकुमार नीखरा को बड़ी जिम्मेवारी मिली है।उन्हें कांग्रेस सेवादल का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है।अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय मुख्य संगठक लाल जी देसाई, एवं कांग्रेस सेवादल मध्य प्रदेश प्रभारी प्रताप नारायण मिश्रा से स्वीकृति मिलने के बाद मध्य प्रदेश कांग्रेस कार्यालय भोपाल में मध्यप्रदेश सेवादल अध्यक्ष योगेश यादव,ने नीखरा को नियुक्ति पत्र सोफा इस दौरान मध्यपदेश के सेवादल प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे। योगेश यादव ने कहा कि कांग्रेस सेवादल में सक्रिय रूप से कार्य करने वाले

सदस्यों को अहम ओहदे सौंपे जाते हैं। शिवकुमार नीखरा की कार्यशैली को देखते हुए उन्हें प्रदेश में कार्य करने के लिए जिम्मेवारी सौंपी गई है। आपको बता दें की वर्तमान में नीखरा सागर जिले के कांग्रेस सेवादल प्रभारी का दायित्व भी निभा रहे हैं।

रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं, पुण्य तिथि में पर किया रक्तदान

तेंदूखेड़ा। सोमवार को पूर्व विधायक माननीय संजय शर्मा के पूज्य पिता स्व श्री उमाशंकर शर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोंसरा में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 29 से अधिक लोगों ने ब्लड डोनेट किया। इसके पूर्व सभी वर्गों के लोगों ने राजमार्ग चौराहा पहुंच कर स्व उमाशंकर शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। एवं स्व कक्का जी के किसान हितैषी क्रियाकलापों सेवा कार्यों का विस्तार से उल्लेख करते हुए रक्तदान से बढ़कर कोई दूसरा दान नहीं होता। स्वस्थ्य मनुष्य को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

वहीं उनके सुपुत्र पूर्व विधायक संजय शर्मा के द्वारा पीड़ित मानवता की सेवा की

दिशा में समय समय पर वृहद स्तर पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। मरीजों को बड़ी बड़ी अस्पतालों में निशुल्क इलाज के साथ आवागमन सुविधा भी उपलब्ध कराई जाती है। स्वास्थ्य सेवाओं के साथ शिक्षा खेल कूद सांस्कृतिक आध्यात्मिक धार्मिक सेवा भावी गतिविधियों का आयोजन भी किया जाता है।इस मौके पर पूर्व विधायक संजय शर्मा ने स्पष्ट किया कि रक्तदान से बढ़कर कोई दूसरा दान नहीं है। पीड़ित वर्ग को समय पर रक्त मिलने से उसकी जान बचाकर नवजीवन दान भी मिल जाता है।

शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे युवाओं ने वृहद स्तर पर ब्लड डोनेट किया।ब्लड डोनेट करने वाले दानियों को जिला चिकित्सालय द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। इस मौके पर नरसिंहपुर से आई ब्लड डोनेट बैन में डा प्रवीण संत डी आर पी नरसिंहपुर डा रामजीवन पटेल मेडिकल आफिसर रोंसरा एम एल चौधरी लैब टेक्नीशियन स्वाप्लिन चौरसिया तथा विष्णु बाल्मीक शेख शाहरुख बैन अटेंडेंट प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

गीधन मोहल्ला में ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि उपभोक्ताओं को वोल्टेज समस्या से मिली राहत

सांईखेड़ा। के वार्ड क्रमांक 12, गीधन मोहल्ला में लंबे समय से वोल्टेज समस्या का सामना कर रहे उपभोक्ताओं की शिकायत पर वितरण केंद्र प्रभारी पुरुषोत्तम धुर्वे ने त्वरित संज्ञान लेते हुए मौका निरीक्षण किया। उच्च कार्यालय को अवगत कराने के बाद 25 केवीए के ट्रांसफार्मर को 63 केवीए में बदल दिया गया। इस कार्य से वोल्टेज समस्या का समाधान हुआ और वार्ड निवासी, मंडल सदस्य सहित अन्य नागरिकों ने वितरण केंद्र कार्यालय पहुंचकर श्री धुर्वे का आभार व्यक्त किया। धुर्वे ने ग्रामवासियों से अपील की कि वे बिजली बिल समय पर जमा करें और किसी भी समस्या के लिए टोल-फ्री नंबर 1912 या विभागीय

मोबाइल नंबर 9425806350 पर संपर्क करें। ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि से अब स्थिर वोल्टेज मिलेगा, जिससे घरेलू उपकरणों की कार्यक्षमता में सुधार होगा और बिजली आपूर्ति अधिक विश्वसनीय हो सकेगी। यह कार्य वितरण टीम की उपभोक्ता सुविधा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

एक नजर में

संचालित योजनाओं की वृद्धजनों को दी जानकारी

गोटेगांव। बीते दिवस समीपवर्ती धार्मिक स्थल झोतेश्वर परमहंसी गंगा आश्रम स्थित श्री शंकराचार्य वृद्ध आश्रम में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण माननीय अखिलेश शुक्ला के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश मीणा के एवं विधिक सहायता अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में निवासरत वृद्ध एवं महिला पुरुषों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ कानूनी जानकारी प्रदान की गई एवं उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान हेतु उचित सलाह एवं सहायता प्रदान की गई उक्त जानकारी वॉलिंटियर पीएलबी गोपाल व्यवहार द्वारा दी गई इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारी एवं वृद्धजन व ग्रामवासी उपस्थित थे

गांजे के साथ एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोटेगांव। विगतदिवस उल्लेखनीय है कि जिले में अवैध मादक पदार्थ के कारोबार पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाने, साथ ही नशे का कारोबार एवं सेवन करने वालों पर पूर्णत: अंकुश लगाने हेतु संपूर्ण जिला अंतर्गत विशेष अभियान चलाया जाकर जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना गोटेगांव अन्तर्गत ग्राम उमरिया, चौकी झौतेश्वर, थाना गोटेगांव निवासी गोपाल पिता पूरन सिंह पटैल उम्र 41 साल, के कब्जे से 469 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 5000/- रूपये की जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 454/2025 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस.एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है। **इनकी रही मुख्य भूमिका:** उक्त कार्यवाही में उनि दिलीप सिंह सउनि सरुश धुर्वे आरक्षक गौरीशंकर प्रशांत राजपूत महिला आरक्षक वंदना मिश्रा एवं चालक अमित नामदेव की मुख्य भूमिका रही है।

श्रीमती ब्रजलता साहू का निधन

गोटेगांव। विगतदिवस नगर के प्रतिष्ठित नागरिक गणपति एंटरप्राइजेज के संचालक स्वर्गीय हरिराम साहू की धर्म पत्नी एवं पुत्र पवन साहू की परमपूज्य माता ब्रजलता साहू का 60 वर्ष की आयु में आकस्मिक स्वर्गवास हो गया,आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व की महिला थी, आपके निधन का समाचार प्राप्त होतेही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया,अंतिम संस्कार शवयात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक सामाजिक स्वयंसेवी संगठनों के जनप्रतिनिधियों ने मुक्तिधाम में बड़ी संख्या में शामिल होकर दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थित जनों ने साहू की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतृप्त परिवार जनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्तकर शोकाकुल परिवार जनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की।

पंजीयन 18 जुलाई तक कर सकते हैं ऑनलाइन

नरसिंहपुर। जिले की शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9 वीं से कक्षा 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए राज्य शासन के पर्यटन विभाग द्वारा मप्र पर्यटन बोर्ड के माध्यम से विगत वर्षों की भांति इस वर्ष 2025 में पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तर पर एक अगस्त 2025 को किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में जिले के सभी शासकीय व अशासकीय विद्यालयों के छात्र- छात्राओं द्वारा तीन सदस्यीय एक टीम के रूप में प्रतियोगिता में सहभागिता की जायेगी। प्रतियोगिता में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड द्वारा प्रदत्त निर्धारित प्रारूप एवं प्रक्रिया के अनुसार पर्यटन क्विज 2025 के लिए प्रतिभागी टीम- विद्यालयों का पंजीयन का कार्य 25 जून से 18 जुलाई 2025 तक किया जायेगा। यह पंजीयन टूरिज्म बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन करना अनिवार्य है।

सांगई में स्कूल खुलने पर कराई गतिविधियां

गाडरवारा। बीते सोमवार से ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला मे ग्रीष्मकालीन अवकाश उपरांत स्कूल खुलने पर माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने घंटी बजाकर बच्चों को बुलाया एवं उनका तिलक लगाकर स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा ग्रीष्म अवकाश मे किये गए कार्यों से जुडी जानकारी ली गई एवं उनके प्रयासों को सराहा गया। स्कूल खुलने के पहले दिन बच्चों ने खेल खेल मे गणित विषय मे अंक, संख्या ज्ञान एवं पहाड़े से जुडी गतिविधियों की। इस दौरान बच्चों से प्रतिदिन स्कूल आने की बात पर जोर दिया गया एवं शिक्षकों ने कहा कि प्रति माह कक्षावार सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चों को सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर प्रधानपाठक दशरथ प्रसाद जाटव, विवेक नाईक, सुरेश चौहान एवं किरणलता ठाकुर सहित अनेक बच्चे उपस्थित रहे।

तीन दिवसीय एफ एल एन प्रशिक्षण

तेंदूखेड़ा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं निपुण भारत कार्यक्रम अंतर्गत वुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान हासिल करने मध्यप्रदेश शासन की ओर से संचालित मिशन अंकुर कार्यक्रम के तहत विकासखंड स्तर पर कक्षा पहली एवं दूसरी मे गणित हिन्दी अग्रेजी विषय का अध्यापन कराने वाले शिक्षकों का तीन दिवसीय एफएलएन रिफ्रेशर प्रशिक्षण 16 जून से शुरू हो गया है।बी आर सी सुनील श्रीवास्तव ने बताया तीन चरणों में होने वाले 235 शिक्षकों प्रशिक्षण दिया जायेगा प्रशिक्षण लेकर आये मास्टर ट्रेनर्स अशोक किरार कमलेश शर्मा सतीश शर्मा नंदकिशोर शर्मा एवं नसरूद्दीन खान के द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।बी आर सी ने कहा इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को गणित को सरल और प्रभावी ढंग से पढ़ाने के तरीकों में कुशल बनाना है।

प्रशिक्षण में शिक्षक विभिन्न प्रकार

की शिक्षण विधियों जैसे कि खेल आधारित शिक्षा कहानी आधारित शिक्षा और दृश्य श्रव्य सामग्री का उपयोग करना सीखेंगे। इसके अतिरिक्त उन्हें गणित की अवधारणाओं को स्पष्ट करने और छात्रों में समस्या-समाधान कौशल विकसित करने के लिए प्रभावी रणनीतियों का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण शिक्षकों को गणित के प्रति छात्रों के डर को दूर करने और उन्हें विषय में रुचि लेने के लिए प्रोत्साहित करने में भी मदद करेगा। साथ ही शिक्षकों को छात्रों के सीखने के स्तर का आकलन करने और तदनुसार शिक्षण योजना बनाने के तरीके भी सिखाए जाएंगे। कुल मिलाकर यह प्रशिक्षण शिक्षकों को गणित शिक्षण में अधिक आत्मविश्वास और प्रभावी बनने में मदद करेगा जिससे छात्रों को गणित में सफलता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

गौ संरक्षण न किया तो आने वाली पीढ़ी सिर्फ चित्रों में देख पाएंगी गायें

गौ प्रतिष्ठा पदयात्रा की शुरूआत करते हुए बोले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

नरसिंहपुर। रविवार को ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी की तपोस्थली परमहंसी गंगा आश्रम झौंतेश्वर से आरंभ हुई 33 दिवसीय गौ प्रतिष्ठा' पदयात्रा को ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने झंडी दिखाकर रवाना किया। अनुराग भार्गव के नेतृत्व में निकाली जा रही इस पदयात्रा का समापन प्रधानमंत्री कार्यालय नई दिल्ली में होगा। गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने के साथ वे देश में गायों के संरक्षण व संवर्धन की मांग भी सरकार से कर रहे हैं। यात्रा के दौरान आमजनों के बीच में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया जाएगा। इस अवसर पर मीडिया से रूबरू होते हुए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने देशी गायों की घटती नस्लों पर चिंता जताते हुए कहा कि महाभारत काल में युधिष्ठिर की गौशाला में 10 हजार से अधिक नस्लें थीं, जबकि आज

यह संख्या घटकर लगभग 25-30 ही रह गई है। हमने सरकार से कहा है कि 53 देशी नस्लों की गायों को एक बार एक साथ खड़ा करके दिखाएं। जिस पर आने वाले खर्च का वहन हम कर लेंगे, लेकिन उन्होंने हाथ जोड़ लिए। यह दर्शाता है कि गायों की नस्लें तेजी से विलुप्त हो रही हैं। यदि हमने तुरंत संरक्षण नहीं किया तो आने वाली पीढ़िड़ा केवल चित्रों में ही गौमाता को देख पाएंगी।

गौमाता का वध धार्मिक अपराध

शंकराचार्य ने कहा कि गौमाता का वध एक धार्मिक अपराध है और यह भारत की पुण्यभूमि पर पाप का कारण बन रहा है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे केवल उसी प्रत्याशी को वोट दें, जो गौ संरक्षण की शपथ ले और उसे अपने संकल्प में प्राथमिकता दे। गौ प्रतिष्ठा पदयात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि यह धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना जगाने का प्रयास है। पदयात्रा से गौ माता की रक्षा को लेकर आमजन में जागरूकता फैलेगी और राजनीतिक दलों पर भी दबाव बनेगा कि वे इस विषय को अपने घोषणापत्र में स्थान दें।



कृषि उपज उप मंडी साईखेड़ा में विक्रय घोष होगा प्रारंभ

साईखेड़ा। भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि मंडल मंडी निरीक्षण कर मंडी सचिव को पिछले दिनों ज्ञापन सौंपकर मांग की बंद पड़ी मंडी साईं खेड़ा में विक्रय घोष प्रारंभ कराया जाए। वर्तमान में व्यापारी बंधु अपने घर से खरीदी कर रहे हैं मंडी सचिव ने व्यापारियों से बात कर सोमवार से मंडी प्रारंभ करने की बात कही एवं किसान बंधु अपनी उपज उप मंडी साईंखेडा में लेकर आए अपील की है साथ ही व्यापारी बंधुओं से भी अपील की है कि वह किसान बंधुओं को उचित दाम मंडी में प्रदान करें आपसी सहयोग से मंडी बेहतर चले । भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने भी किसानों को आग्रह किया है कि वह मंडी में विक्रय हेतु अपनी उपज लेकर आए एवं मंडी सुचारू रूप से चले जिसका लाभ किसानों को मिलेगा ऐसी आशा जाताई है साथ समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी केंद्र भी उप मंडी साईंखेडा में बनाया जाए ऐसी मांग प्रशासन से की जा रही है मंडी में आगामी समय में पूर्ण व्यवस्था कराई जाए अतिरिक्त टीन शेड अतिक्रमण हटाकर मंडी मार्ग व्यापारी बंधुओं के लिए आफिस एवं गोदाम बनाए जाएं ।